आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.11.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- भूटान यात्रा से लौटते ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली कार विस्फोट में हुए घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे।
- कैबिनेट बैठक में मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि– मंत्रिमंडल ने सुरक्षा एजेंसियों के साहस और तत्परता की सराहना की ।
- स्वराज द्वीप को बिजली संकट से राहत – द्वीप में स्थित चार मेगावाट पावर प्लांट में 1.5 मेगावाट अतिरिक्त क्षमता वाले ग्रिड को जोड़ा गया।
- प्रकृति संरक्षण के संदेश के साथ मनाई गई महान पक्षी विज्ञानी डॉ. सलीम अली की जयंती।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में हुए कार विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलने लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल गए। भूटान की अपनी दो दिवसीय यात्रा के समापन के बाद दिल्ली पहुँचते ही प्रधानमंत्री तुरंत अस्पताल पहुँचे। श्री मोदी ने घायलों से बातचीत की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अस्पताल के अधिकारियों और डॉक्टरों ने भी उन्हें स्थिति की जानकारी दी। प्रधान मंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि साजिश के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार विस्फोट में हुए आतंकवादी हमले में हुई जानमाल की हानि पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। मंत्रिमंडल ने निर्दोष लोगों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने हिंसा के इस संवेदनहीन कृत्य के पीड़ितों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों को कतई बर्दाशत नहीं करने की देश की नीति के प्रति अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। कैबिनेट ने अधिकारियों, सुरक्षा एजेंसियों और नागरिकों की समय पर और समन्वित प्रतिक्रिया की सराहना की, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में साहस और सहानुभूति के साथ काम किया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय जाँच एजेंसी ने कल अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों से जुड़े अल–कायदा गुजरात आतंकी साजिश मामले में पाँच राज्यों में 10 जगहों पर तलाशी ली। एनआईए की टीमों ने पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मेघालय, हरियाणा और गुजरात राज्यों में चयनित स्थानों पर विभिन्न संदिग्धों और उनके सहयोगियों से जुड़े परिसरों की तलाशी ली। एनआईए ने एक बयान में कहा कि तलाशी के दौरान कई डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज़ ज़ब्त किए गए और उन्हें फोरेंसिक जाँच के लिए भेजा जा रहा है। मामले की अब तक की जाँच से पता चला है कि चार बांग्लादेशी नागरिक जाली भारतीय पहचान पत्रों का इस्तेमाल करके बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत में घुसपैठ कर आए थे। फरीदाबाद पुलिस ने कल एक लाल रंग की इकोस्पोर्ट कार भी जब्त की, जिसके दिल्ली विस्फोट मामले के मुख्य संदिग्ध से जुड़े होने का संदेह है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अण्डमान जिला उपायुक्त सुशांत पाधा ने पीएम मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत सुभाषग्राम स्थित 'फिश कियोस्क' का निरीक्षण किया। इस अवसर पर लाभार्थियों ने ऑनलाइन माध्यमों से ताजा व प्रसंस्कृत मछली बेचकर स्थिर आय अर्जित करने पर जानकारी साझा की। जिला उपायुक्त ने निष्क्रिय आइस प्लांट का भी निरीक्षण किया, जहाँ उच्च बिजली दर को संचालन में बाधा बताया गया और कृषि दर पर सब्सिडी की माँग की गई। उपायुक्त ने लाभार्थी के नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी योजनाएं आजीविका सशक्तिकरण का उदाहरण हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में 17 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। इसमें कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति लानुसुंगकुम जमीर और न्यायमूर्ति राय चट्टोपाध्याय मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग ने कहा है कि स्वराज द्वीप स्थित 4 मेगावाट पावर प्लांट में 1.5 मेगावाट अतिरिक्त क्षमता वाले ग्रिड से जोड़ा गया है। इससे द्वीप की कुल बिजली क्षमता 4.4 मेगावाट से बढ़कर 5.9 मेगावाट हो गई है, जिससे उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है। माँग और आपूर्ति के बीच नियंत्रण के लिए डी.जी. सेट्स और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही नागरिकों से 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के तहत अपने भवनों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने का आग्रह किया गया है। यह योजना अधिकतम सब्सिडी और सुलभ दरों पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

प्रसिद्ध पक्षी विज्ञानी 'डॉ. सलीम अली' की जयंती पर विज्ञान केन्द्र में विद्यार्थियों के लिए बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों ने चिड़ियाटापू में पक्षियों का अवलोकन कर उनकी पहचान करने की विधियां सीखीं। फीडबैक टेस्ट में विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय, लम्बा लाइन की सान्वी भान प्रथम, सागरीतारा स्कूल की आस्मा एच. द्वितीय और निर्मला सीनियर सेकेंडरी के एम. हर्षित तृतीय स्थान पर रहे।

<><><><><><><>

हैदराबाद स्थित राजेन्द्रनगर एक्सटेंशन एजुकेशन इंस्टीट्यूट ने कृषि विभाग के सहयोग से हाल ही में दो प्रशिक्षण कार्यक्रम – 'एग्रो टूरिज्मः लाभकारी खेती का नया तरीका' और 'प्राकृतिक खेतीः सतत कृषि की ओर' का आयोजन किया। फरारगंज में किसानों के खेतों पर जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र, अग्नास्त्र आदि के प्रदर्शन कराए गए। एग्रो टूरिज्म सत्र के दौरान विभागीय फार्म का दौरा कराया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि सखी, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों सहित कुल 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

कृषि विभाग एवं यू.टी. एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी मायाबंदर की ओर से चार माह तक चले "फार्म स्कूल ऑन पैडी" कार्यक्रम का समापन हो गया। इसका उद्देश्य स्थानीय धान उत्पादन में वृद्धि, आयात पर निर्भरता घटाना और किसानों की आजीविका को बढ़ावा देना था। प्रशिक्षण में बीजशाला प्रबंधन, रोपाई, पोषण, कीट नियंत्रण, खरपतवार प्रबंधन, फसल निगरानी और कटाई–पश्चात तकनीकों पर जानकारी दी गई। किसानों के प्रश्नों का समाधान और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण सुचारू रूप से चल रहा है। बूथ स्तरीय अधिकारी घर–घर जाकर दो प्रतियों में पूर्व–छपे प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। मतदाताओं से अपने नाम, फोटो, ईपीआईसी नंबर, पता आदि की पुष्टि कर आवश्यक जानकारी भरने का आग्रह किया गया है।

<><><><><><><>

अण्डमान कॉलेज के निर्वाचन साक्षरता क्लब ने कल विशेष गहन पुनरीक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। संसाधन व्यक्तियों ने छात्रों को मतदाता सूची अपडेशन प्रक्रिया और फॉर्म भरने के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य डॉ. एस. जयकुमार ने युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की

अपील की। स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. एन. बालकृष्णन ने मतदान जागरूकता अभियानों की जानकारी दी, जबकि डॉ. आर. पी. पलनीसामी ने कॉलेज की भूमिका की सराहना की।

<><><><><><><>

परिवहन विभाग की ओर से कल टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में 120 कर्मचारियों ने भाग लिया। परिवहन निदेशक डॉ. जतिंदर सोहल ने सम्मानजनक कार्य संस्कृति और शिकायतों के निष्पक्ष निपटान पर बल दिया। सामाजिक संगठन स्मृति की रुबीना कतीब सिद्दीकी ने अधिनियम के प्रावधानों, आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका और निवारण प्रक्रिया पर जानकारी दी।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने द्वीपों में वनराज चूजों के उत्पादन को बढ़ाने हेतु ICAR हैदराबाद से 5,000 वनराज हैचिंग अंडे प्राप्त किए हैं, जिन्हें डॉलीगंज स्थित सेंट्रल हैचरी सहित विभिन्न हैचरियों में इनक्यूबेशन के लिए भेजा जाएगा। अब तक विभाग 60,000 के लक्ष्य में से 26,190 अंडे प्राप्त कर चुका है।